अमर उजाला 16-03-2023

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से, रेसलर खली करेंगे शुभारंभ

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 व 17 मार्च को किया जाएगा।

**पहले दिन होंगी 100 मीटर की रेस स्लो साइक्लिंग, शॉट पुट, लंबी कूद समेत कई प्रतियोगिताएं**

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में वीरवार को मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहलवान दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली) उपस्थित रहेंगे।

उद्घाटन प्रातः 10 बजे होगा। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक सचिव बृजेश गुप्ता ने बताया कि पहले दिन 100 मीटर रेस मैन-विमेन, 50 मीटर, स्लो साइक्लिंग विमेन, 400 मीटर विमेन, 200 मीटर मैन, हॉप स्टैप एंड जंप वुमैन, 50 मीटर वुमैन, 800 मीटर मैन, हॉप स्टैप एंड जंप मैन, 400 मीटर मैन, 800 मीटर वुमैन, शॉट पुट वुमैन, 200 मीटर मैन-वुमैन, शॉटपुट मैन, 50 मीटर मैन, लांग जंप वुमैन तथा 1500 मीटर मैन का आयोजन किया जाएगा। संवाद